Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand to develop Bhushi dam in Lonavala as tourists spot.

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल): माननीय सभापति महोदय, मेरे चुनाव क्षेत्र लोनावाला में भारतीय रेल विभाग का भूसी डैम है । यह डैम सन् 1860 में स्टीम इंजनो के लिए पानी के स्रोत के लिए बनाया गया था । बारिश के मौसम में यहाँ पर लाखों की संख्या में पर्यटक आते हैं । यह डैम ओवर फ्लो होने के बाद यहाँ पर ऐसा सिस्टम बनाया गया है कि यह आकर्षण का केंद्र बन गया है और इसकी सुन्दरता देखने लायक होती है । यहाँ पानी में भीगने और डैम ओवर फ्लो से जो पानी स्टेप से बहता है उस पर बैठने के लिए यहाँ पर लाखों पर्यटक आते हैं । वर्ष 2014 में भारतीय रेलवे ने निजी क्षेत्र की भागीदारी के साथ भूसी डैम को पर्यटन स्थल विकसित करने हेतु योजना बनाई थी जबकि आज तक इस योजना पर अमल नहीं हुआ है ।

महोदय अगर यह स्थल केंद्र सरकार द्वारा विकसित नहीं होता है तो इस स्थल को पर्यटकों को सुविधा देने हेतु रेल विभाग द्वारा एनओसी दी जाती है तो महाराष्ट्र सरकार के पर्यटन मंत्री आदरणीय आदित्य ठाकरे जी के द्वारा इस क्षेत्र को पर्यटकों के लिए विकसित करने का कार्य किया जा सकता है ।

अतः मेरी आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से यह मांग है कि भूसी डैम को पर्यटन के रूप में विकसित करने हेतु पूरी सहायता करने और इस क्षेत्र को विकसित करने में सहयोग करने की आशा करता हूँ । धन्यवाद ।